आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.06.2025
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड शासन ने पंचायतों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के पुरोला स्थित खेल मैदान के उच्चीकरण और नौगांव सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के विस्तारीकरण की घोषणा की।
- केंद्र में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
- और.... देहरादून जिला प्रशासन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शहर में तीन स्थानों पर 'हिलांस आउटलेट कम किचन' की स्थापना की।

प्रशासन कार्यकाल

सरकार ने हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य जिलों की पंचायतों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। इस संबंध में शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के 11 जिलों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत का कार्यकाल एक जून को समाप्त हो गया है। अति अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण प्रशासकों का कार्यकाल समाप्त होने की तिथि से पूर्व ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायतों के चुनाव नहीं कराए जा सके थे। उन्होंने बताया कि जिला पंचायतों में जिलाधिकारी, क्षेत्र पंचायतों में उपजिलाधिकारी और ग्राम पंचायतों में संबंधित विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

सीएम उत्तरकाशी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। श्री धामी ने कहा कि लोकार्पित व शिलान्यास की गई योजनाओं से उत्तरकाशी के पुरोला व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास व नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। इन विकास योजनाओं से क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी और कनेक्टिविटी व बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुरोला स्थित खेल मैदान के उच्चीकरण, मोरी के देवरा गांव में कर्ण महाराज मंदिर के सौंदर्यीकरण, नौगांव में रुद्रेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण और नौगांव सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के विस्तारीकरण की घोषणा की।

शिविर

केंद्र सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर राज्य सरकार विकसित भारत के अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए तेजी से काम कर रही है। द्वाराहाट में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति संवेदनशील है और महिला उत्थान के लिए महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। डॉ. रावत ने केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर बग्वाली पोखर भाजपा संगठनात्मक जिला रानीखेत में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा–––

महिला उत्थान

देहरादून जिला प्रशासन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप 'हिलांस आउटलेट कम किचन' की स्थापना की गई है, जिससे महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने और आय बढ़ाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

इस योजना के तहत देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल, कलेक्ट्रेट परिसर और गुच्चूपानी क्षेत्र में तीन आउटलेट खोले गए हैं। इन आउटलेट के जरिए महिलाएं खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि यह योजना खास तौर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए है। इसके लिए प्रशासन महिलाओं को प्रशिक्षण भी दे रहा है, ताकि वे आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक कौशल सीख सकें। उन्होंने बताया कि प्रशासन इस योजना को और विस्तार देने की योजना बना रहा है।

योग दिवस

आगामी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर चल रही हैं। इसके लिए लोगों को योग के प्रति जागरूक कर उन्हें योग के फायदे बताने के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में विभिन्न स्थानों पर योग जागरूकता शिविर का आयोजन कर रहा है। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में यह पहल शुरू की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना छात्रावास ग्राम खत्याड़ी में "आओ हम सब योग करें" अभियान के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के सह विभागाध्यक्ष डॉ. ललन सिंह ने छात्र–छात्राओं को वेद उपनिषद के महत्व और विभिन्न योग आसनों के बारे में बताया।

कृषि विज्ञान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत देहरादून स्थित भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकासनगर, कालसी, सहसपुर और बहादराबाद के 19 गांवों के किसानों से संवाद किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों और अन्य हितधारकों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन, जल व नमी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार और भूमि क्षरण रोकथाम संबंधी तकनीकी जानकारी दी। इसके अलावा वैज्ञानिकों की टीमों ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याएं भी सुनी।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

प्रदेश की पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर अमर उजाला की आज की सुर्खी है– प्रदेश में फिर टले पंचायत चुनाव, प्रशासक नियुक्त। इस खबर पर दैनिक जागरण ने लिखा है – जुलाई में होंगे पंचायत चुनाव, 20 जून को अधिसूचना संभावित, मतदान को सात या दस जुलाई की तिथि निर्धारित।

उत्तराखंड की बोलियां और लोक साहित्य से संबंधित मुख्यमंत्री की घोषणा को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – उत्तराखंड की बोलियों और लोक साहित्य की ई–लाइब्रेरी बनेगी। इस खबर पर अमर उजाला ने लिखा है– स्कूलों में स्थानीय बोली–भाषा में होंगी भाषण, निबंध प्रतियोगिताएं।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं का कलेंडर जारी कर दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने आयोग के हवाले से लिया है– आयोग ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर। 29 जून से 28 नवंबर तक आयोजित होंगी प्रतियोगी परीक्षाएं